महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

# नव भारत

१९३८ से



## एक नजर में



### मुर्मु ने महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली.** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं. राष्ट्रपति ने बुधवार को अपने संदेश में कहा, महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, विशेषकर जैन समुदाय को बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ. अहिंसा और करुणा के प्रतीक भगवान महावीर ने 'अहिंसा परमो धर्म:' अर्थात अहिंसा सभी धर्मों में सर्वोपरि है – के माध्यम से सम्पूर्ण मानवता को एक नई राह दिखाई है. महावीर जयंती ऐसा त्योहार है हमें अध्यात्म के मार्ग पर चलने और जीवन में सादगी, दया तथा अपरिग्रह को अपनाने का संदेश देता है.

### महाराष्ट्र के नागपुर में पटाखा गोदाम में आग

**नागपुर.** महाराष्ट्र में नागपुर के यहां वैशालीनगर इलाके में बुधवार को एक पटाखा गोदाम में आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. राहत की बात यह रही कि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है.आग इतनी भीषण थी कि लगातार हो रहे धमाकों से पूरा इलाका दहल गया और अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए की नौ दमकल मौके पर भेजे.

### लापरवाही बरतने पर 9 शिक्षक हुए निलंबित

**दतिया.** मध्य प्रदेश के दतिया में कार्य में लापरवाही बरतने वाले 9 शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है। जिला पंचायत सीईओ अक्षय तेम्रवाल ने यह कार्रवाई की है. जानकारी के मुताबिक बुधवार को जिला पंचायत सीईओ द्वारा सुबह 10 बजे शासकीय कन्या मा0 वि0 बसई का कार्यालयीन समय में औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान शिक्षक स्कूल में बिना सूचना के अनुपस्थित पाये गये. इसी तरह बसई उप तहसील के अन्य सरकारी स्कूलों में कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला. इस दौरान कुछ स्कूलों में तो अधिकारी ने खुद ही बच्चों को पढ़ाया.

### आरबीआई ने छह एनबीएफसी का पंजीकरण किया रद्द

**मुंबई.** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने छह गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) का पंजीकरण रद्द कर दिया है. आरबीआई ने बुधवार को कहा कि ने भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईए (6) के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए छह गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है. अब ये कंपनियां गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्था के रूप में कोई भी व्यवसाय नहीं कर सकती हैं. केंद्रीय बैंक ने बताया कि जिन कंपनियों का पंजीकरण रद्द किया गया है.

## गुस्ताखी माफ




# राहुल ने सरकार को घेरा

**84** वां दो दिवसीय अधिवेशन का समापन | **100** साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे | **150** साल पहले सरदार पटेल का जन्म हुआ था

**नईदिल्ली. गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां दो दिवसीय अधिवेशन के बुधवार आखिरी दिन कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बीजेपी की केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कई मुद्दों पर सरकार को आड़े हाथ लिया. राहुल गांधी ने एक बार फिर से जाति जनगणना को लेकर आवाज उठाई है. राहुल ने कहा है कि वक्फ बिल संविधान पर आक्रमण है.**



राहुल गांधी ने कहा कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल को याद करते हुए कहा, 100 साल पहले महात्मा गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष बने थे.150 साल पहले सरदार पटेल का जन्म हुआ था. गांधीजी, सरदार पटेल ये कांग्रेस पार्टी की नींव हैं. अभी अजय लल्लू ने कहा कि मैं पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, गरीबों के लिए काम कर रहा हूं.

राहुल गांधी ने अपने बचपन का किस्सा सुनाते हुए बताया कि मैंने एक बार अपनी दादी इंदिरा गांधी से एक बार एक सवाल पूछा कि दादी मरने के बाद आपके बारे में लोगों को क्या कहना चाहिए ? इंदिरा गांधी ने जवाब दिया कि राहुल, मैं अपना काम करती हूं. मरने के बाद लोग मेरे बारे में क्या सोचें, क्या न सोचें मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. मैं सिर्फ अपने काम में दिलचस्पी रखती हूं. अगर पूरी दुनिया मेरे मरने के बाद मुझे भूल भी जाए तो वो भी मुझे मंजूर है. यही मेरी भी सोच है.

राहुल गांधी ने कहा कि, तेलंगाना में हमने एक क्रांतिकारी कदम उठाया है. हमने जाति जनगणना करायी है. राहुल गांधी ने कहा कि कुछ महीने पहले, मैंने संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा था कि हमें देश में जाति जनगणना करवानी चाहिए... मैं जानना चाहता था कि इस देश में किसकी कितनी हिस्सेदारी है और क्या यह देश सही मायने में आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदायों का सम्मान करता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस ने जाति जनगणना से साफ इनकार कर दिया क्योंकि वे नहीं चाहते कि इस देश में अल्पसंख्यकों को कितनी हिस्सेदारी मिलती है, यह पता चले.

मैंने उनसे कहा कि हम संसद में आपके सामने ही जाति जनगणना कानून पारित करेंगे. अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर राहुल ने कहा, पहले मोदी अमेरिका जाते थे. राष्ट्रपति ट्रंप के गले मिलते थे.

### वक्फ कानून वक्फ विरोधी- राहुल

राहुल गांधी ने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि हाल ही में बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया, जो कि उनके अनुसार फ्रीडम ऑफ रिलीजन और संविधान पर हमला है। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में एक लेख छपा है, जिसमें यह दावा किया गया है कि क्रिश्चियनों पर हमला किया जाएगा। उन्होंने इसे धर्म विरोधी बिल करार दिया और कहा कि यह बिल देश के हर नागरिक के लिए खतरे की घंटी है।

### अग्निवीर सहित कई मुद्दों को उठाया

अग्निवीर के मुद्दे पर राहुल ने कहा कि आज हमारी सरकार युवाओं को कहती है कि आप युद्ध में शहीद होंगे, आप अग्निवीर हो तो हम आपको न शहीद का दर्जा देंगे और न ही पेंशन. आपके साथ जो लड़ रहा है, उसे मिलेगा, आपको नहीं. दलित, पिछड़ा, अति-पिछड़ा को नुकसान हो रहा है. वहीं हाल में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद युनुस और पीएम मोदी की मुलाकात को लेकर राहुल गांधी ने जमकर निशाना साधा. राहुल गांधी ने कहा कि बांग्लादेश भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं. भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले. उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला. कहां गई 56 इंच की छाती.

# तहव्वुर राणा अमेरिका से रवाना

**2008** के मुंबई आतंकवादी हमलों का हैं एक प्रमुख सूत्रधार | **2023** में पहली बार भारत को उसके प्रत्यर्पण की दी थी मंजूरी

**नयी दिल्ली, 09 अप्रैल (वार्ता) वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के एक प्रमुख सूत्रधार पाकिस्तानी मूल के तहव्वुर राणा को आखिरकार अमेरिका से प्रत्यर्पित कर दिया गया है. अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तहव्वुर राणा को एक विशेष विमान से प्रत्यर्पित किया गया है और बुधवार देर रात तक इस विमान के भारत पहुंच जाने की संभावना है. हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि विमान कहां उतरेगा और राणा को किस स्थान पर रखा जाएगा.**



26/11 मुंबई आतंकी हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे और 200 से ज्यादा घायल हुए थे. 26 नवंबर 2008 की उस रात को मुंबई में अचानक पूरे शहर में अफरा-तफरी और डर का माहौल बन गया. शुरू में किसी को अंदाजा नहीं था कि मुंबई में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है. इस तरह 26/11 मुंबई आतंकी हमले में शामिल 9 आतंकी मारे गए, आमिर अजमल कसाब जिंदा पकड़ा गया. कसाब के खिलाफ मुकदमा चला, अदालत द्वारा उसे मौत की सजा सुनाई गई और 21 नवंबर, 2012 को पुणे के यरवडा जेल में सुबह साढ़े सात बजे उसे फांसी दे दी गई.

रिपोर्टों के अनुसार, 64 वर्षीय पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक, पाकिस्तान स्थित इस्लामी आतंकवादी समूह, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को भारत को उसके प्रत्यर्पण के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिये जाने के बाद उसे भारत भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी. प्रत्यर्पण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए भारत से एक मल्टी-एजेंसी टीम अमेरिका गई थी और उसने अमेरिकी अधिकारियों के साथ सभी कागजी कार्रवाई और कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने में मदद की. तहव्वुर राणा लॉस एंजिल्स में यूएस मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में 14 साल तक कैद रहा. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार 2023 में भारत को उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दी थी. लेकिन उसने सुप्रीम कोर्ट में बार बार प्रत्यर्पण रोकने के लिए याचिकाएं दायर कीं थीं, पर उसे सफलता नहीं मिली. उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में राणा के भारत में प्रत्यर्पण की घोषणा की थी. तहव्वुर राणा जिसने आतंकी हमलों से पहले मुंबई में आतंकी हमलों के स्थानों को चिह्नित करने के लिए व्यक्तिगत रूप से टोह ली थी और जासूसी की थी.

# नौसेना को मिलेंगे मरीन राफेल

**63** हजार करोड़ में 26 लड़ाकू विमान खरीद को मंजूरी

**22** एक सीट वाले और 4 दो सीट वाले विमान

**नयी दिल्ली 09 अप्रैल (वार्ता) नौसेना को अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों से लैस करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने फ्रांस से 63 हजार करोड़ रूपये की लागत से 26 मरीन राफेल लड़ाकू विमान की खरीद को मंजूरी दे दी है.**



सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सरकार ने मंगलवार को इन विमानों की खरीद को मंजूरी दी. इन लड़ाकू विमानों के मिलने के बाद नौसेना की मारक क्षमता कई गुना बढ जायेगी. अभी वायु सेना के बेड़े में 36 राफेल लड़ाकू विमान हैं.

सरकार से सरकार के बीच होने वाली इस खरीद को नौसेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इस सौदे को लेकर भारत और फ्रांस के बीच करीब दो वर्ष से बात चल रही थी. सूत्रों ने बताया कि इस अनुबंध पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है और विमानों की आपूर्ति में चार से पांच वर्ष का समय लग सकता है. अनुबंध के पैकेज में विमानों का रख रखाव , प्रशिक्षण और कलपुर्जो का देश में ही निर्माण भी शामिल है.

कुल 26 विमानों में से 22 एक सीट वाले और चार दो सीट वाले होंगे. चार-पांच वर्ष बाद जब इन विमानों को नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा तो इनकी तैनाती स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर की जायेगी.

# थम नहीं रहा अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड वॉर

**84 प्रतिशत तक चीन ने बढ़ाया टैक्स**

**चीन ने कहा- नया शुल्क आज से होंगे लागू**

**नईदिल्ली. दुनिया की दो बड़ी आर्थिक महाशक्तियों चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब चीन ने अमेरिका पर पलटवार करते हुए अमेरिकी सामानों के आयात पर 84 प्रतिशत तक टैक्स बढ़ा दिया है.**




चीन के वित्त मंत्रालय ने गुरुवार से सभी अमेरिकी वस्तुओं पर ये टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो पहले घोषित 34 फीसदी के टैरिफ से 50 फीसदी ज्यादा है. मंत्रालय ने कहा कि ये नए शुल्क 10 अप्रैल से लागू होंगे.

यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा मंगलवार को चीनी वस्तुओं पर 104 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद उठाया गया है. चीन ने ट्रम्प के 104 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद अमेरिका पर अहंकारी और धमकाने वाला व्यवहार. करने का आरोप लगाया था. चीन ने बुधवार को प्रकाशित एक लंबे नीति वक्तव्य में डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफ के खिलाफ अंत तक लड़ने की कसम खाई. इस बयान में कहा गया है कि दोनों देशों के बीच व्यापार संतुलन में है क्योंकि अमेरिकी निर्यात पर 104 प्रतिशत टैरिफ लागू हो चुका है.

### वाइट हाउस से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार

इसके साथ ही चीनी सरकार ने वाइट हाउस के साथ टैरिफ मुद्दे पर किसी भी तरह की बातचीत करने से इनकार कर दिया है. बता दें कि कई अन्य देशों ने रेसिप्रोकल टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका से बातचीत की पेशकश की है, जबकि कई बातचीत कर रहे हैं. चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा है कि अगर अमेरिका अपने आर्थिक और व्यापार प्रतिबंधों को और बढ़ाने पर जोर देता है, तो चीन जरूरी और जवाबी कदम उठाने और अंत तक लड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है.

# अधिकारी पर कर दी टॉयलेट

## एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब कांड

**नई दिल्ली. दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी. एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की. हालांकि, उसने मना कर दिया. यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी.**




मामला बढ़ने के बाद यात्री ने पीड़ित से माफी भी मांगी है. एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि 9 अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट एआई 2336 को कंट्रोल करने वाले केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी. क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है. कंपनी ने आगे कहा, अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, हमारे क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के साथ शिकायत करने में सहायता करने की पेशकश की, जिसे उस समय अस्वीकार कर दिया गया था.

# 90% आबादी पर कांग्रेस की नजर

**जिला संगठन के सहारे गांव तक पहुंचेगी कांग्रेस**

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**अहमदाबाद, 09 अप्रैल. कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जहां एक ओर संगठन को भविष्य की चुनौतियों से लड़ने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है वहीं दूसरी ओर वोटबैंक को साधने के लिए परंपरागत राजनीतिक रणनीति से इतर जातिगत समीकरण को साधने का प्रयास किया है.**

पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में पहुंचे देशभर के लगभग 1700 एआईसीसी सदस्यों और लगभग सभी वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी ने अपनी भावी रणनीति पर मंथन करते हुए भाजपा व संघ की नीतियों के खिलाफ जमीनी स्तर पर संघर्ष करने और जनता के बीच पार्टी के प्रति विश्वास बढाने के लिए भविष्य में किए जाने वाले बहुस्तरीय प्रयासों के रूप रेखा को अंतिम रूप दिया है.

पार्टी ने जिलास्तरीय सांगठनिक ढांचे को और ताकतवर व धारदार बनाने के उद्देश्य से जिलाध्यक्षों को ज्यादा से ज्यादा अधिकार देने का निर्णय किया है. इस बैठक के माध्यम से राहुल गांधी ने स्पष्ट किया कि वे ओबीसी, ईबीसी, अनुसूचित जाति, अनूसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को जनसंख्या के आधार पर देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था में हक दिलाने की लड़ाई लड़ेंगे. जिसकी जितनी जनसंख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की नीति को सबसे पहले कांग्रेस शासित राज्यों में लागू कराने का प्रयास कराने की बात करते हुए राहुल ने दूर की राजनीतिक सोच को आगे रखा. अल्पसंख्यक मतदाताओं को साधते हुए राहुल गांधी ने हाल ही में संसद से पारित वक्फ संसोधित विधेयक को संविधान विरोधी बताते हुए उनके साथ खड़े होकर इस लड़ाई में साथ रहने की वचनबद्धता दोहराते हुए भाजपा और संघ पर सीधे निशाना साधा है.



# सशक्त नारी से प्रदेश होगा समृद्ध

## डॉ. मोहन यादव ने पोषण प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**कुक्षी. 9 अप्रैल 2025. स्व सहायता समूह महिलाओं की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने का एक सशक्त माध्यम है. जिससे न केवल महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिल रहा है बल्कि महिलाएं समृद्धि की ओर बढ़ रही है. आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका है.**

सशक्त नारी ही समृद्ध प्रदेश का आधार है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त बातें बुधवार धार जिले के कुक्षी में आयोजित स्व सहायता समूह सम्मेलन सह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान कहीं. प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा प्रदेश की बहनों को निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है वही 2029 तक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण हेतु भी प्रयास किया जा रहा है. जमीन या मकान की रजिस्ट्री घर की महिला के नाम पर करने पर पंजीयन शुल्क में छूट दी जा रही है. लाड़ली बहना योजना ने घर में महिलाओ को आर्थिक रूप से सशक्त किया है. वहीं, सावित्री ठाकुर केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपने उद्बोधन में बताया कि बाल अवस्था में बच्चों को भरपूर पोषण मिले तो वह सशक्त बनेंगे और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होंगे.

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 से 22 अप्रैल तक चलाए जा रहे सातवें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर संवाद एवं समीक्षा की. इस वर्ष के पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से चार विषयों पर जोर दिया जाएगा. ये विषय हैं जीवन के पहले एक हजार दिनों पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाना, कुपोषण का प्रबंधन और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली.

**कैबिनेट फैसला** | कैबिनेट से जीरकपुर बायपास और पीएमकेएसवाई योजना को रेल मंत्री अश्विनी ने दी मंजूरी

# आंध्र-तमिलनाडु को विकास की सौगात

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल. केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में बुधवार को कई अहम फैसलों को मंजूरी दी गई. फैसलों की जानकारी केंद्रीय रेल और सूचना-प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी. उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रेल लाइन प्रोजेक्ट और बाईपास परियोजनाओं पर मुहर लगा दी है.**



इसके अलावा केंद्रीय कैबिनेट ने जीरकपुर बाईपास के निर्माण, तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन के दोहरीकरण और कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है.

**जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूर:** वैष्णव ने बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में हाइब्रिड एन्युटी मोड पर पंजाब और हरियाणा में 1878.31 करोड़ रुपये की लागत से 19.2 किलोमीटर लंबाई वाले 6 लेन वाले एक्सेस कंट्रोल्ड जीरकपुर बाईपास के निर्माण को मंजूरी दी गई. इस परियोजना का उद्देश्य पटियाला, दिल्ली, मोहाली एरोसिटी से यातायात को डायवर्ट करके और हिमाचल प्रदेश को सीधा संपर्क देकर जीरकपुर, पंचकूला और आसपास के क्षेत्रों में भीड़भाड़ को कम करना है. वर्तमान प्रस्ताव का उद्देश्य यात्रा के समय को कम करना और NH-7, NH-5 और NH-152 के भीड़भाड़ वाले शहरी खंड में परेशानी मुक्त यातायात सुनिश्चित करना है.

**पीएमकेएसवाई की उप-योजना को मंजूरी-** कैबिनेट ने 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट (एम-सीएडी डब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को भी मंजूरी दी है. वैष्णव ने बताया कि इसका आरंभिक कुल परिव्यय 1600 करोड़ रुपये होगा.

### रेल लाइन परियोजना को भी मंजूरी

दक्षिण भारत से जुड़ी विकास परियोजनाओं को मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए, वैष्णव ने बताया कि कैबिनेट ने आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन सेक्शन (104 किमी) के दोहरीकरण को मंजूरी दी. इसकी कुल लागत 1332 करोड़ रुपये होगी.